आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–19 मार्च 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा के पहले चरण के लिए अधिसूचना कल जारी कर दी जाएगी। इसी के साथ पहले चरण के चुनाव के लिए प्रत्याशियों की नामाकंन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। इस चरण की सीटों के लिए प्रत्याशी सताईस मार्च तक नामाकंन कर सकेगें। तीस मार्च तक उन्हें नाम वापसी का अवसर दिया जाएगा। पहले चरण का मतदान उन्नीस अप्रैल को होगा। मतगणना चार जून को होगी। प्रदेश में इस चरण में आठ लोकसभा सीटों पर वोट डाले जायेंगे। यह सीटें हैं सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, कैराना, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत। प्रशासन अधिसूचना जारी करने और नामांकन प्रक्रिया शुरू किये जाने को लेकर तैयारियों को अन्तिम रूप दे रहा है। हमारे बिजनौर प्रतिनिधि के अनुसार जिले की बिजनौर और नगीना सुरक्षित सीट के लिए अलग–अलग नामांकन कक्ष स्थापित कर दिये गये है। नामाकंन को पारदर्शी बनने के लिए व्यवस्था पूरी कर ली गयी है। हमारे पीलीभीत प्रतिनिधि ने बताया कि जिले में शान्ति और सुरक्षा के साथ नामाकंन संपन्न कराने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। वहां के पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने बताया कि पुलिस के एक सौ पच्चीस अधिकारी और कर्मचारी पूरी सुरक्षा के साथ नामांकन को संपन्न कराएगें।

****

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के लगभग सभी जिलों में मतदाता जागरूकता के विविध आयोजन किये जा रहे हैं। कहीं रैली निकाल कर लोगों से मतदान की अपील की जा रही है तो कहीं संगोष्ठी के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता की चुनाव आयोग की मुहिम में प्रशासन विभिन्न स्वंयसेवी संस्थाओं की मदद भी ले रहा है। शिक्षण संस्थान भी अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक कर रहे हैं। जागरूकता अभियान में महिलाओं और पहली बार मतदाता सूची में शामिल युवाओं को मतदान के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया जा रहा है। पीलीभीत जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अधिकारियों की टीम गांव–गांव जा कर चौपाल लगा रही हैं वहां के जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया है कि स्कूली बच्चों के माध्यम से शत–प्रतिशत मतदान के लिए अभिभावकों से संकल्प पत्र भरवाए गये हैं। उधर वाराणसी के केन्द्रीय कारागार में मतदाता जागरूकता को लेकर अनूठी पहल की गयी है वहां कैदियों से मिलने आने वाले मुलाकातियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उनके हाथ पर मुलाकात मुहर के साथ–साथ मतदाता जागरूकता की भी मुहर लगायी जा रही है।

वाराणसी के केन्द्रीय कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक राधाकृष्ण मिश्र ने बताया है कि चुनाव संपन्न होने तक मुलाकातियों के हाथ पर मतदाता जागरूकता की मुहर लगायी जाती रहेगी। इसके अलावा इसे लेकर समय–समय पर अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएगे।

****

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने स्टार प्रचारक की रैली और बैठकों पर आने वाले खर्च को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा है कि स्टार प्रचारक जिन प्रत्याशियों के साथ मंच सांझा करेगें उसका खर्च उस प्रत्याशी के चुनाव खर्च में जोड़ा जाएगा। उन्होने यह भी बताया है कि मान्यता प्राप्त राजीतिक दलों को परिणाम की घोषणा के नब्बे दिन के अन्दर अपने दल का चुनाव खर्च निर्धारित प्रारूप पर भर कर भारत निर्वाचन आयोग के पास जमा करना होगा। अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को यह जानकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी को देनी होगी।

****

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणापत्र को मंजूरी देने के लिए नई दिल्ली में पार्टी कार्यसमिति की बैठक संपन्न हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, पी. चिदम्बरम, दिग्विजय सिंह, अजय माकन तथा के. सी. वेणुगोपाल सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता भी बैठक में उपस्थित थे। लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए आज शाम कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की भी बैठक हो सकती है।

****

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज संसद भवन में दोबारा निर्वाचित राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को शपथ दिलाई। आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह दिल्ली आबकारी नीति मामले से जुड़े धनशोधन मामले में न्यायिक हिरासत में हैं।

****

प्रयागराज के फाफामऊ स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के ग्रुप केन्द्र परिसर में आज पचासिवां सीआरपीएफ दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य परेड का आयोजन किया गया। परेड में सीआरपीएफ की एक महिला टुकड़ी सहित कुल आठ टुकड़ियों ने विभिन्न सेक्टरों से हिस्सा लिया। इस दौरान राष्ट्र की सेवा करते हुए प्राण न्यौछावर करने वाले सीआरपीएफ के बाईस सौ उनसठ बहादुरों के शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने कहा कि बल की अधिकांश बटालीयन जम्मू कश्मीर, पूर्वोत्तर राज्यों और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों मे तैनात हैं। वहां बल के प्रयासों से आतंकवाद और नक्सवाद की घटनाओं में भारी कमी आयी है। उन राज्यों में शान्ति और विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में वीरता पद्क विजेताओं को उनके सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया।

****